भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2462
जिसका उत्तर मंगलवार, 03 दिसम्बर, 2019 को दिया जाना है

एचईसीएल का पुनरुद्धार

2462. श्री संजय सेठ:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसीएल) राँची (झारखंड) के पुनरुद्धार के लिए कोई योजना तैयार की है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का एचईसी के परमाणु ऊर्जा में योगदान को ध्यान में रखकर इसका प्रशासनिक नियंत्रण परमाणु ऊर्जा मंत्रालय के अधीन हस्तांतरित करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क) और (ख): एचईसी के पुनरुद्धार के लिए सरकार ने किसी योजना को अंतिम रूप नहीं दिया है। तथापि, मार्च, 2017 में सरकार ने सांविधिक देयताओं और अन्य देनदारियों के परिसमापन हेतु ₹742.98 करोड़ जुटाने के लिए झारखंड सरकार को एचईसी की 675.43 एकड़ भूमि के हस्तांतरण को अनुमोदित किया।

(ग) और (घ): सरकार ने परमाणु ऊर्जा मंत्रालय को एचईसी के हस्तांतरण का निर्णय नहीं लिया है।

*****